# डिफेंस सेंटर दिसंबर तक शुरू होगा

## निरीक्षण

- डीआरडीओ चेयरमैन ने निर्माणाधीन सेंटर का निरीक्षण किया
- रक्षा मंत्री ने 2021 को सेंटर का शिलान्यास किया था

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। अमौसी और नादरगंज में निर्माणाधीन डिफेंस टेक्नोलॉजी एडं टेस्टिंग सेंटर दिसम्बर तक शुरू हो जाएगा। सोमवार को रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग सचिव, डीआरडीओ के चेयरमैन डा. समीर वी कामत निर्माणाधीन डिफेंस टेक्नोलॉजी एडं टेस्टिंग व भटगांव में ब्रह्मोस इकाई का निरीक्षण करने आये।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की प्रगति सही ढंग से हो रही है। उम्मीद है कि इस साल के अंत तक सेन्टर क्रियाशील हो जायेगा। इस अवसर पर पुरुषोत्तम बेज, डायरेक्टर जनरल डीआरडीओ, डा. मयंक द्विवेदी, डायरेक्टर, डीएमएसआरडीई, कानपुर और डा. मनु कोरुला, डायरेक्टर, डीसीडब्ल्यूएण्डई, तथा डीएमएस डीआरडीओ मुख्यालय भी थे। वहीं रक्षा मंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह के प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी ने कहा कि राज्य सरकार की तरफ से जो भी सहयोग की आवश्यकता हो, तो संबंधित बिन्दुओं की सूची उपलब्ध करा दी जाये, ताकि कार्य बाधित न हो। गौरतलब है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 26 दिसम्बर 2021 को डिफेंस टेक्नोलॉजी एडं टेस्टिंग सेंटर और ब्रह्मोस विनिर्माण इकाई का शिलान्यास किया था। अमौसी स्थल पर मॉडलिंग एडं सिमुलेशन सेंटर फॉर कम्प्यूटेशनल टेक्नोलॉजीज और नादरगंज स्थल पर टेक्निकल टेस्टिंग, इवैल्यूएशन सेंटर तथा इंडस्ट्री सपोर्ट सेंटर स्थापित किया जाएगा। इण्डस्ट्रियल सर्वे के आधार पर जिन टेक्नोलॉजी क्षेत्रों में विशेष फोकस किया जाना प्रस्तावित है।